दूसरे चरण की काउंसलिंग में 15 को होगा सीटों का आवंटन

यूटीयू : 18 से 20 जुलाई तक आवंटित संस्थानों में उपस्थित होना होगा

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कैंपस संस्थान, सहायता प्राप्त, निजी इंजीनियरिंग कॉलेज और कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी पंतनगर में शैक्षिक सत्र 2023-24 के दूसरे चरण की काउंसिलिंग शुरू हो चुकी है। च्वाइस भरने के बाद 15 जुलाई को सीट आवंटन होगा।

17 जुलाई को आवंटित सीट लॉक कर दी जाएंगी। इस शैक्षिक सत्र में छात्र बीटेक, बीफार्मा, बीएचएमसीटी, एमटेक, एमफार्मा, एमबीए, एलएलएम, डीफार्मा, साइबर सिक्योरिटी, एमबीए इंटीग्रेटेड, एमसीए, बीएएलएलबी, बीबीए एलएलबी, एलएलबी कोर्स के लिए आवेदन हो रहे हैं।

यूटीयू के कुलसचिव डॉ. सत्येंद्र सिंह के मुताबिक दूसरे चरण की काउंसिलिंग में सात से नौ जुलाई तक बैंक में फीस जमा करने के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। 18 से 20 जुलाई तक छात्रों को आवंटित संस्थानों में उपस्थित होना होगा।

तीसरे चरण की काउंसिलिंग 22 जुलाई से शुरू होगी। 22 से 24 जुलाई तक फीस बैंक में जमा होने के साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। च्वाइस भरने के बाद 29 जुलाई को च्वाइस के आधार पर सीट आवंटित की जाएगी। 31 जुलाई को आवंटित सीट लॉक कर दी जाएगी। एक से तीन अगस्त तक छात्रों को आवंटित संस्थानों में उपस्थित होना होगा।

बीटेक, बीफार्मा के लिए आज लॉक हो जाएंगी सीट

बीटेक द्वितीय वर्ष (लेट्रल एंट्री), बीफार्मा प्रथम द्वितीय वर्ष (लेट्रल एंट्री) पाठ्यक्रम में पहले, दूसरे और तीसरे चरण की काउंसिलिंग होने के बाद फीस बैंक में जमा करने और च्वाइस भरने की तारीख निकल चुकी है। 10 जुलाई को च्वाइस के आधार पर सीट आवंटित होने के बाद 12 जुलाई को आवंटित सीट लॉक कर दी जाएगी। 13 से 15 जुलाई तक संस्थान में उपस्थित होना होगा। संस्थान में प्रवेश से संबंधित सभी जानकारी यूटीयू की वेबसाइट www.uktech.ac.in पर उपलब्ध है।

आईटीआई में रजिस्ट्रेशन की आज अंतिम तिथि

जौलीग्रांट। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आईटीआई शिक्षकों ने क्षेत्र में जनसंपर्क किया। युवाओं को प्रवेश से संबंधित रजिस्ट्रेशन आदि की जानकारी दी। कहा कि आईटीआई में रोजगार परक शिक्षा दी जाती है। प्रवेश के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 12 जुलाई है। जिला देहरादून में 6 आईटीआई में प्रवेश होने हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान युवक निरंजनपुर देहरादून में 15 ट्रेडों, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजपुर रोड देहरादून में 6 ट्रेडों में प्रवेश होने हैं। संवाद